▸ अमेरिका ने एच-1बी वीजा एप्लाई करने वाले भारतीयों की दिक्कतें बढ़ाई

ट्रम्प प्रशासन ने एच-1बी वीजा पर 1 लाख डॉलर का शुल्क एक साल के लिए बढ़ाया

● वाशिंगटन / राज न्यूज नेटवर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा के जरिये विदेशी कर्मचारियों को अमेरिका लाने वाले नियोक्ताओं पर लगाए गए एक लाख अमेरिकी डॉलर के शुल्क को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने यह जानकारी दी।

ट्रम्प ने शुक्रवार को जारी राष्ट्रपति की घोषणा में कहा कि 2025 में एक लाख यूएस डॉलर का शुल्क लगाने के फैसले के बाद बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों द्वारा एच-1बी वीजा के लिए पंजीकरण में 92 प्रतिशत की कमी आई है। ट्रम्प ने कहा, 2025 की घोषणा की अवधि बढ़ाने से अमेरिका के आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा जारी रहेगी, अमेरिकी कर्मियों और स्नातकों के लिए श्रम बाजार तक पहुंच बेहतर होगी तथा यह सुनिश्चित होगा कि नियोक्ता कार्यक्रम के मूल उद्देश्य के अनुरूप जरूरत पड़ने पर केवल अत्यधिक कुशल और जरूरी विदेशी कर्मियों की ही भर्ती करें। यूएस के एच-1बी वीजा कार्यक्रम का लाभ पाने वालों में भारतीय सबसे बड़ा समूह हैं। 2025 में एक लाख अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाने के फैसले को अदालत में चुनौती दी गई है और यह मामला दो अलग-अलग संघीय अदालतों में विचाराधीन है। शुल्क बढ़ाने संबंधी 2025 के इस आदेश की अवधि इस महीने समाप्त होने वाली थी। यह आदेश उन विदेशी नागरिकों को दिए गए वीजा पर लागू नहीं है जो पहले से छात्र वीजा पर अमेरिका में रह रहे हैं।

वीजा प्रक्रिया अनुरोधों में लगभग 97 फीसदी की कमी आई

हवाइट हाउस का कहना है कि 2025 के इस उपाय से कुछ सबसे बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग कंपनियों के किये जाने वाले एच-1बी पंजीकरणों में भारी कमी आयी थी। व्हाइट हाउस ने कहा कि 2025 की उद्घोषणा लागू होने के बाद से, सबसे बड़ी आईटी आउटसोर्सिंग फर्मों के दर्ज किये जाने वाले एच-1बी पंजीकरण में 92 फीसदी की गिरावट आयी है। प्रशासन ने यह भी बताया कि इस कदम के परिणामस्वरूप वीजा प्रक्रिया अनुरोधों में लगभग 97 फीसदी की कमी आयी है और कम वेतन वाले विदेशी श्रमिकों के बजाय उच्च-कुशल और उच्च-वेतन वाले कर्मचारियों की ओर बदलाव हुआ है। व्हाइट हाउस ने कुछ नियोक्ताओं पर यूएस कर्मियों को हटाकर उनके स्थान पर कम वेतन वाले एच-1बी कर्मियों को रखने और वेतन पर दबाव बनाने का आरोप लगाया है। अमेरिकी बयान में कहा गया कि एच-1बी वीजा कार्यक्रम का दुरुपयोग कुशल यूएस कर्मियों के वेतन को घटाता है, क्योंकि सस्ते विदेशी श्रम की उपलब्धता घरेलू वेतन पर नीचे की ओर दबाव डालती है।

पंजीकरण में लगभग 40 फीसदी की गिरावट दर्ज

अमेरिका में विदेशी एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) कार्यकर्ताओं की संख्या 2000 और 2019 के बीच दोगुनी से अधिक हो गयी थी, जबकि इसी अवधि के दौरान कुल एसटीईएम रोजगार में 44.5 फीसदी की वृद्धि हुई थी। 2025 की उद्घोषणा से पहले के हालिया वर्षों में एच-1बी वीजा वाले आईटी कर्मियों की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2003 के 32 फीसदी से बढ़कर 65 फीसदी से अधिक हो गई थी। यह नवीनतम कदम गृह विभाग सुरक्षा के दिसंबर 2025 के उस नियम पर आधारित है, जिसने रैंडम एच-1बी लॉटरी को वेतन स्तर के आधार पर एक वेटेज-आधारित चयन प्रणाली से बदल दिया था। हवाइट हाउस ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2027 पहला वर्ष था, जिसमें एच-1बी चयन लॉटरी के बजाय वेतन के आधार पर तय किये गये, जिससे पंजीकरण में लगभग 40 फीसदी की गिरावट आयी। प्रशासन ने कहा कि वह एच-1बी धोखाधड़ी और उन अन्य कवायदों की जांच जारी रखेगा, जो यूएस कर्मियों की तुलना में वीजा धारकों का अवैध रूप से पक्ष लेती हैं। एच-1बी कार्यक्रम अमेरिकी नियोक्ताओं को प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और अन्य कुशल क्षेत्रों सहित विशेष व्यवसायों में विदेशी कर्मियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है। ये नवीनतम उपाय ऐसे समय में आए हैं, जब ट्रम्प प्रशासन संघीय एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय, नियोक्ताओं की छंटनी पर अधिक ध्यान देने और कुछ एच-1बी याचिकाओं पर निरंतर वित्तीय दंड के माध्यम से कार्यक्रम की जांच और कड़ाई बढ़ाना चाहता है।

यूएस, डेनमार्क, ग्रीनलैंड में सुरक्षा डील ग्रीनलैंड में बढ़ेगी यूएस सैन्य मौजूदगी

गैर-नाटो देशों को ग्रीनलैंड में सैनिक तैनाती से रोका जाएगा
डील से राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान होगा

● वाशिंगटन / राज न्यूज नेटवर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ एक डील की। इसके तहत रणनीतिक रूप से अहम आर्कटिक क्षेत्र में अमेरिका को स्थायी सुरक्षा नियंत्रण मिलेगा, वहां उसकी सैन्य मौजूदगी बढ़ेगी और गैर-नाटो देशों को ग्रीनलैंड में सैन्य अड्डा स्थापित करने या सैनिक तैनात करने से रोका जाएगा। ट्रम्प ने शुक्रवार को डील की घोषणा करते हुए इसे इनफिनिट लाइफ व्यवस्था बताया और कहा कि इससे ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की लंबे समय से चली आ रही राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का समाधान होगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यूएसए ने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के साथ एक समझौता किया है, जो ग्रीनलैंड में सुरक्षा और अन्य सभी जरूरतों पर यूएस को स्थायी नियंत्रण देता है और हमारी सभी प्रमुख अमेरिकी चिंताओं का पूरी तरह समाधान करता है। अमेरिका पर इसका कोई खर्च नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि डील के तहत अमेरिका के प्रतिद्वंद्वी देशों को भी वाशिंगटन की मंजूरी के बिना ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाना स्थापित करने, सैन्य मौजूदगी रखने या संवेदनशील निवेश करने से रोका जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि अब से कोई भी यूएस प्रतिद्वंद्वी ग्रीनलैंड में कभी भी अड्डा नहीं बना सकता, सैन्य मौजूदगी नहीं रख सकता या हमारी स्पष्ट लिखित मंजूरी के बिना संवेदनशील निवेश नहीं कर सकता। यूएस तुरंत ग्रीनलैंड में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में काम शुरू करेगा और अर्ध-स्वायत्त दानिश क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर वहां विकास और निर्माण कार्य करेगा।



आर्कटिक, उत्तरी अटलांटिक में सुरक्षा मजबूत होगी

डेनमार्क की पीएम मेटे फ्रेडरिक्सन ने डील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आर्कटिक और उत्तरी अटलांटिक में सुरक्षा मजबूत होगी, जबकि डेनमार्क की संप्रभुता और ग्रीनलैंड के आत्मनिर्णय के हल को बरकरार रखा जाएगा। फ्रेडरिक्सन ने कहा कि मुझे खुशी है कि हम ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य और यूएस के लिए एक अहम डील करने जा रहे हैं। डील से क्षेत्र में साझा सुरक्षा मजबूत होगी और यह नाटो तथा यूरोप के लिए भी अच्छा होगा। डील डेनमार्क साम्राज्य की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा ग्रीनलैंड के लोगों के आत्मनिर्णय के हक को मान्यता देता है। वहीं ग्रीनलैंड के पीएम जेन्स-फ्रेडरिक नील्सन ने भी प्रस्तावित समझौते का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह उत्साहजनक है कि हम ऐसी डील करने जा रहे हैं, जो ग्रीनलैंड, डेनमार्क साम्राज्य, अमेरिका और पश्चिमी गठबंधन की सुरक्षा सुनिश्चित और मजबूत करेगा। डील ग्रीनलैंड के हितों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में हमारी जगह को मान्यता देती है तथा हम सभी के हित में है। डील के तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में स्थायी पहुंच, सैन्य अड्डे स्थापित करने और हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल के अधिकार मिलेंगे तथा गैर-नाटो देशों को द्वीप पर सैन्य मौजूदगी स्थापित करने से रोका जाएगा। डील के तहत कोई भी गैर-नाटो देश ग्रीनलैंड में सैन्य अड्डा नहीं बना सकेगा और न ही वहां सैनिकों की मौजूदगी रख सकेगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
वर्कशॉप विभाग

NIT No.: 09/E-Tendering/WS/2026-27 Date: 15/09/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक / जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1	GEM/2026/ B/7989655 08-09-2026	Built up Trucks (V3) (Q1) 11 Nos (Dumper)	45 DAYS	₹13,00,000/-	07.10.2026 17:00:00

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

प्रभारी अधिकारी
वर्कशॉप विभाग, नगर पालिक निगम, इन्दौर

पूनम मेला: असारवा-खेड़ब्रह्मा ट्रेन व नमो भारत के अतिरिक्त ठहराव घोषित

मेला स्पेशल तलोद, प्रांतिज, जादर एवं इडर स्टेशन पर रुकेगी

● अहमदाबाद / राज न्यूज नेटवर्क

भादरवी पूनम मेले में अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल यात्रियों की सुविधा के लिए असारवा-खेड़ब्रह्मा मेला स्पेशल ट्रेन का तलोद, प्रांतिज, जादर एवं इडर स्टेशनों पर तथा नमो भारत रैपिड रेल का वोंध स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव दिया गया हैं। ट्रेन संख्या 09405 असारवा-खेड़ब्रह्मा मेला स्पेशल का 21 सितंबर से 01 अक्टूबर तक आगमन/प्रस्थान का समय तलोद स्टेशन पर 10.23/10.24 बजे, प्रांतिज स्टेशन पर 10.38/10.39 बजे, जादर स्टेशन पर 11.11/11.12 बजे एवं इडर स्टेशन पर 11.31/11.32 बजे रहेगा। इसी तरह ट्रेन संख्या 09406-खेड़ब्रह्मा-असारवा मेला स्पेशल का 21 सितंबर से 01 अक्टूबर तक आगमन/प्रस्थान समय इडर स्टेशन पर 15.55/15.56 बजे, जादर स्टेशन पर 16.05/16.06 बजे, प्रांतिज स्टेशन पर 16.43/16.44 बजे एवं तलोद स्टेशन पर 16.57/16.58 बजे रहेगा। नमो भारत ट्रेन संख्या 94801अहमदाबाद-भुज नमो भारत रैपिड रेल का 21 से 23 सितंबर तक वोंध स्टेशन पर आगमन/ प्रस्थान का समय 21.08/21.09 बजे रहेगा। ट्रेन संख्या 94802 भुज-अहमदाबाद नमो भारत रैपिड रेल का 22 से 24 सितंबर तक वोंध स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान का समय 06.43/06.44 बजे रहेगा। इन अतिरिक्त ठहरावों से भादरवी पूनम मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर रेल कनेक्टिविटी और सुविधा उपलब्ध होगी।

फिलीपींस के स्कूल में चली गोलियां, 6 बच्चों की मौत

● मनीला / राज न्यूज नेटवर्क

फिलीपींस के एक स्कूल में शुक्रवार को गोलीबारी हो गई, जिससे 6 बच्चों की मौत हो गई। फायरिंग की वजह से कई बच्चे गंभीर रूप से घायल भी हो गए। यह घटना मिंडानाओ प्रांत के कोटाबाटो में स्थित बांगा नेशनल हाई स्कूल में हुई। इस घटना में कुल कितने लोग घायल हुए हैं। इसका स्पष्ट आंकड़ा सामने नहीं आया है। घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक फिलीपींस के शिक्षा विभाग ने कहा, हमारी पहली प्राथमिकता बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा है।

हमलावर हुआ फरार

स्कूल में गोलीबारी की वारदात को किसने अंजाम दिया है। इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। हमलावर की पहचान को लेकर पुलिस विभाग सक्रिय हो गया है। अहम बात यह है कि हमलावर वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद फरार हो गया। इस घटना के बाद बांगा शहर के सभी स्कूल में छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं फिलीपींस रेड क्रॉस ने कहा है कि उसने घटना के बाद मेडिकल टीमें तैनात कर दी हैं।

सऊदी अरब की राजधानी रियाद में धमाका, कई फ्लाइट्स में देरी

● रियाद / राज न्यूज नेटवर्क

पश्चिम एशिया में हूती विद्रोहियों के साथ संघर्ष में उलझे सऊदी अरब के लिए परेशानी बढ़ गई है। एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी राजधानी रियाद के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास कम से कम एक धमाके की आवाज सुनी गई है। हालांकि, अभी तक यह साफ नहीं है कि धमाके की वजह क्या है। लेकिन आसपास से निकल रहे यात्रियों ने आसमान में बड़ा धुआं का गुबार देखा है। सऊदी अधिकारियों ने अभी तक किसी के हताहत होने या किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं दी है। स्थानीय नागरिक ने आपबीती बताई। उसने कहा कि हमने एयरपोर्ट की तरफ काला धुआं और आग देखी है। इसी बीच फ्लाइटरडार 24 के डाटा में भी कई फ्लाइट के आने और जाने के समय में देरी दिखाई गई है। वेबसाइट पर 3.5 और 5 के बीच डिले इंडेक्स का मतलब है कि लंबी देरी और कई फ्लाइट्स के रद्द होने जैसी बड़ी दिक्कतें हैं।

पिरामल फाइनेंस लिमिटेड

Piramal Finance

(पहले पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)
(इसके बाद पीएफएल/ सिक्योर्ड क्रेडिटर कहा जाएगा) CIN: L65910MH1984PLC032639
पंजीकृत कार्यालयः यूनिट नंबर-601, 6वां तल, पिरामल अमिटी बिल्डिंग, पिरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई-400070

पजेशन नोटिस
सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002 के रूल 8-(1) और अपेंडिक्स- IV के अनुसार अचल संपत्ति के लिए

जबकि, नीचे साइन करने वाला व्यक्ति पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिड) (जिसे आगे पीएफएलघ्सुरक्षित लेनदार कहा जाएगा) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के साथ सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के साथ प्रदत्त शक्तियों के तहत नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद् द्वारा संपत्ति से संव्यवहार करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार यहां दर्शाई राशि और उस पर ब्याज सहित पिरामल फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) (जिसे आगे पीएफएल/सुरक्षित लेनदार के रूप में संदर्भित किया जाएगा) के अधीन होगा।

क्र. सं.	उधारकर्ता(ओं) /गारंटर का नाम	सुरक्षित संपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण	डिमांड नोटिस तारीख और राशि	अधिग्रहण की तिथि
1.	लोन कोड नं.:- 03700001258 दुर्गा साकरे (बॉरोअर) यश साकरे (को-बॉरोअर 1)	प्रॉपर्टी का वह पूरा हिस्सा जिसका नंबर खसरा नंबर 26/1 से 26/4, पी.एच. नंबर 46 प्लॉट नंबर 162 का हिस्सा, बरसाना टाउनशिप कॉलोनी खरगोन खरगोन मध्य प्रदेशरू- 451001, उत्तरः कॉलोनी प्लॉट नंबर 161, पश्चिमः कॉलोनी प्लॉट नंबर 155, पूर्वः कॉलोनी रोड, दक्षिणः कॉलोनी प्लॉट नंबर 163	25 जुलाई 2024 के लिए रू. 6,49,919/- (रुपये छह लाख उनचास हजार नौ सौ उन्नीस मात्र)	15-09-2026

तिथिः 20 सितंबर, 2026
दिनांकः खरगौन
हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
पिरामल फाइनेंस लिमिटेड

हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

HINDUJA HOUSING FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
क्षेत्रीय कार्यालय - ऑफिस संख्या 153, पहली मंजिल, ऑर्बिट मॉल, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

परिशिष्ट IV कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जहां तक अधोहस्ताक्षरी के अधिकृत अधिकारी होने के नाते हिन्दुआ हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (HHFL) के प्राधिकत अधिकारी और वित्तीय परिसंपत्तियो के पुरनन्रिमाण और सुरक्षा इंट्रेस्ट एक्ट 2002 के प्रव्रतन के तहत और सेक्शन 13(12) के तहत (प्रदत्त) शक्तियों के प्रयोग में सुरक्षा इंटेस्ट (प्रव्रतन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ा जाता है | उधारक्रताओं को कंपनी के प्राधिकत अधिकारी द्वारा जारी किए गए नोटिस उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उललेखित राशि को चुकाने के लिए नीचे दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया गया है उधारक्रता राषि को चुकाने में विफल रहा है, इस बात की जानकारी उधारक्रताओं, गारंटरो और आम जनता को दी गई है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति के अधिकार में नीचे व्रणित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है, जो उस पर प्रदान की गई शक्तियों के खंड (4) के अधीन है। उक्त अधिनियम के 13 सुरक्षा SEC प्रव्रतन नियम 2002 के सह नियम (8) के साथ पढ़े जाते हैं। आम तौर पर जनता को इस बात के सावधान किया जाता है कि उधारक्रता संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ किसी भी सौदे के लिए एचएफएल के बदलाव का विषय होगा | राशि के अनुसार ब्याज के साथ यहां उल्लेख किया है।

नाम और पता उधारकर्ता गारंटर / सहउधारकर्ता	डिमांड नोटिस तिथि देय राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	कब्जा तारीख एवं प्रकार
MP/INE/IDCT/A000001716 श्री धर्मेन्द्र सिंह श्री घनश्याम सिंह सुश्री नवसा सिंह	20-06-2026 Rs. 2326470/-	रेसिडेंशियल प्लॉट नंबर 69 (पूर्वी हिस्से का भाग), जो ग्राम पंचायत क्षेत्र कोड्रिया, दादा जी केशवानंद नगर कॉलोनी ग्राम कोड्रिया, तहसील महू, जिला इंदौर (म.प्र.)- 452001 में स्थित है और जिसका क्षेत्रफल 750 वर्ग फुट है। सीमाएँ: उत्तर: कॉलोनी रोड, दक्षिण: प्लॉट नंबर 72, पूर्व: प्लॉट नंबर 68, पश्चिम: प्लॉट नंबर 69 का शेष भाग।	18/09/2026 Symbolic
MP/KHA/KHWA/A000000364 श्री सेवकराम पाटीदार श्री श्याम पाटीदार श्रीमती सारिका पाटीदार	20-06-2026 Rs. 512115/-	मकान नंबर 79, प्लॉट नंबर/सर्वे नंबर 124/1, पी.एच नंबर 27, करौंदिया, तहसील महेश्वर, जिला खरगोन (म.प्र.) - 451221 माप क्षेत्रफल 812 वर्ग फुट सीमाएंः उत्तर: राधाकृष्ण पाटीदार की गली, दक्षिण: स्वयं का घर, पूर्व: सड़क, पश्चिम: राधाकृष्ण पाटीदार का घर	17/09/2026 Symbolic
MP/IDR/DHAR/A000000068 MP/IDR/DHAR/A000000664 श्री ओम प्रकाश गेंदालाल श्रीमती मांगू बाई तंवर	20-06-2026 Rs. 2870989/-	सर्वे नंबर 370/1/2 का हिस्सा, पटवारी हल्का नंबर 46/90, गाँव बंडेडी, तहसील सरदारपुर, ज़िला धार, मध्य प्रदेश, भारत - 454441। क्षेत्रफल: 0.077 हेक्टेयर। सीमाएँ: उत्तर: ममता जयराम का घर, दक्षिण: श्यामा (पति सुरेश) की ज़मीन, पूर्व: मांगोद-दसाई मुख्य सड़क, पश्चिम: लक्ष्मीनारायण (पिता गेंदालाल) की ज़मीन।	16/09/2026 Symbolic
MP/IDR/DHAR/A000000478 श्री राहुल परमार श्रीमती दुर्गा परमार	20-06-2026 Rs. 820285/-	आवासीय मकान/प्लॉट नं. 40, ग्राम आबादी सर्वे नंबर 707, पी एच नंबर पर स्थित है। 11, ग्राम काछीबड़ोदा, तहसील बदनावर, जिला. धार (मध्य प्रदेश)-454660 क्षेत्रफल 2025 वर्ग फुट। सीमाएँ: उत्तर: नाला, दक्षिण: आम रास्ता, पूर्व: रामेश्वर का घर, पश्चिम: पप्पू का घर	16/09/2026 Symbolic
MP/IDR/DHAR/A000000496 श्री विष्णु जी, सुश्री नंदी बाई श्री राय सिंह, श्री भरत भाबर श्रीमती काली बाई	20-06-2026 Rs. 747969/-	आवासीय मकान नंबर 94, जो P.H. नंबर 96, वार्ड नंबर 12, गाँव सुल्तानपुर, तहसील सरदारपुर, ज़िला धार (M.P.) - 454001 में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 1184 वर्ग फ़ीट है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तर: सरकारी ज़मीन, दक्षिण: राय सिंह का मकान, पूर्व: खुली ज़मीन, पश्चिम: नंदराम धन्नालाल का मकान। 2. आवासीय मकान नंबर 97, पी.एच. क्रमांक 96, वार्ड क्रमांक 12, ग्राम सुल्तानपुर, तहसील सरदारपुर, जिला धार (म.प्र.)-454001,पर स्थित है। माप क्षेत्रफल 1044 वर्ग फुट, सीमाएँ: उत्तर: काली बाई का घर, दक्षिण: आम रास्ता, पूर्व: गली और खुली भूमि, पश्चिम: नंदराम धन्नालाल का घर	16/09/2026 Symbolic
MP/IDR/DHAR/A000000579 श्री धर्मेन्द्र लालसिंह श्रीमती लक्ष्मी कलारे श्री लालसिंह क्लारा	20-06-2026 Rs. 549285/-	रिहायशी मकान नंबर 137, जो P.H. नंबर (पुराना 125, नया 192), वार्ड नंबर 10, गाँव हजरतपुर, तहसील और ज़िला धार (M.P.) - 454001 में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 960 वर्ग फ़ीट है। सीमाएँ: उत्तर: प्रकाश का मकान, दक्षिण: सत्यनारायण की ज़मीन, पूर्व: गली, पश्चिम: आम रास्ता।	18/09/2026 Symbolic
MP/IDR/DHAR/A000000794 श्री हीरालाल चैहान श्रीमती श्यामू बाई	20-06-2026 Rs. 649209/-	मकान नंबर 426 (पश्चिमी हिस्सा), PHN-90, जो सर्वे नंबर 472, वार्ड नंबर 11, गाँव असावता, ग्राम पंचायत असावता, तहसील बड़नगर, ज़िला उज्जैन (M.P.) - 456771 में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 844 वर्ग फ़ीट है। सीमाएँ: उत्तर: सार्वजनिक सड़क, दक्षिण: स्कूल की ज़मीन, पूर्व: जयराम का घर, पश्चिम: स्कूल।	17/09/2026 Symbolic
MP/IDR/DHAR/A000000825 श्री कमलचंद शर्मा श्रीमती मुन्नीबाई शर्मा श्रीमती रेखा शर्मा	20-06-2026 Rs. 1455933/-	घर नंबर 25 का पूर्वी आवासीय हिस्सा, जो लक्ष्मी बाई मार्ग, वार्ड नंबर 8, राजगढ़, तहसील सरदारपुर, जिला धार (M.P.) - 454116 में स्थित है और जिसका क्षेत्रफल 546 वर्ग फुट है। सीमाएँ: उत्तर: आम रास्ता, दक्षिण: रमनलाल-चंदमल जमींदार का घर, पूर्व: रमनलाल-चंदमल जमींदार का घर और बाड़ा, पश्चिम: घर नंबर 25 का वह हिस्सा जो शंकरलाल राठौड़ को बेचा गया।	17/09/2026 Symbolic
MP/IDR/DHAR/A000001224 श्री गोपाल जी श्रीमती निर्मला बाई श्रीमान शुभम जी	20-06-2026 Rs. 156793/-	रेसिडेंशियल हाउस/प्लॉट नंबर 146, जो सर्वे नंबर 103, PH नंबर 09, गांव सांडला, तहसील सरदारपुर, जिला धार (M.P.)- 454111 में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 1356 वर्ग फुट (126 वर्ग मीटर) है। सीमाएं: उत्तर: (प्लॉट नंबर 129) दिनेश चौधरी (पिता बद्रीलाल) की ज़मीन, दक्षिण: (प्लॉट नंबर 143) दीपक (पिता अशोक) का घर, (प्लॉट नंबर 144 और 145) शांतिलाल और राजू का घर, पूर्व: रास्ता (प्लॉट नंबर 147) और हनुमानसिंह (पिता देवी सिंह) का घर (प्लॉट नंबर 148), पश्चिम: (प्लॉट नंबर 142) हनुमानसिंह (पिता देवी सिंह) का घर।	17/09/2026 Symbolic
MP/IDR/INDR/A000002365 श्री हर्षवीर सिंह सूर्यवंशी श्रीमती हेमलता सूर्यवंशी	20-06-2026 Rs. 2003076/-	प्लॉट/घर नंबर 317 (नजूल प्लॉट नंबर 28, शीट नंबर 23 के अनुसार), सेठ मिश्रीलाल नगर, देवास जूनियर, देवास तहसील और जिला देवास (म.प्र.)-455001, जिसका क्षेत्रफल 1500 वर्ग फुट है। सीमाएँ: उत्तर: प्लॉट नंबर 318, दक्षिण: प्लॉट नंबर 316, पूर्व: प्लॉट नंबर 314, पश्चिम: कॉलोनी रोड।	19/09/2026 Symbolic
MP/IDR/MCHL/A000000758 श्री राहुल मुकाती श्रीमती रेखा गुर्जर	20-06-2026 Rs. 1061508/-	प्लॉट नंबर 159, गणेश धाम कॉलोनी, वार्ड नंबर 19, ज़ोन नंबर 17, तहसील और ज़िला इंदौर (म.प्र.) - 452015, कुल क्षेत्रफल 520 वर्ग फ़ीट। सीमाएँ: उत्तर: श्यामबाई गुप्ता का घर, दक्षिण: खाली प्लॉट, पूर्व: पीछे की गली, पश्चिम: सड़क।	18/09/2026 Symbolic
MP/INE/IDCT/A000000511 श्री मनोज पांचाल श्री रमेश पांचाल श्रीमती सुमित्रा बाई	20-06-2026 Rs. 2289052/-	सर्वे नंबर 116/2/1, पटवारी हल्का नंबर 01, ग्राम डिंगरोडा, तहसील टोंकखुर्द और जिला देवास (म.प्र.)- 455001 का 0.05 हेक्टेयर हिस्सा। सीमाएँ: उत्तर: विक्रमसिंह की ज़मीन, दक्षिण: सरकारी ज़मीन, पूर्व: रामसिंह की ज़मीन, पश्चिम: विक्रेता का शेष हिस्सा।	19/09/2026 Symbolic

उधारकर्ताओं / जमानतदारों को स्टेटमेंट नोटिस द्वारा सावधानी पूर्वक कहा जाता है कि संपत्ति को किसी भी समय सार्वजनिक नीलामी / निविदाओं के माध्यम से बेंचा जा सकता है और इस तरह इसे सुरक्षा (बयाज) प्रवर्तन नियम 2002 नियम 6, 8 और 9 के तहत एक नोटिस के रूप में भी माना जा सकता है। प्राधिकारी अधिकारी मोबाईल नं.- Vaibhav Shrivastav - 7987969803, Devendra Togar - 95840 00200, Ankit Parmar- 89892 40866

दिनांक - 20/09/2026
प्राधिकृत अधिकारी, हिन्दूजा हाऊसिंग, फायनेंस लिमिटेड

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

GRIHUM HOUSING FINANCE
Apna Ghar. Apni Pehchan.

पंजीकृत कार्यालय छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र - 411014
शाखा कार्यालय इकाईः धन ट्राइडेंट, मंगल सिटी, सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर, मध्य प्रदेश - 452010
शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, विक्रम टॉवर, महू-नीमच रोड, पीथमपुर - 454775

ई-नीलामी - बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्तियों का बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे "सुरक्षित लेनदार" कहा जाएगा)** को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। सुरक्षित संपत्तियाँ **"जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर 23-10-2026** को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। **बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया GHFL/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।**

सं. क्रं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति {सी}	संपत्ति का विवरण {डी}	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली {एच}	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय {आई}	नीलामी की तिथि और समय {जे}	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	लोन नंबर HF0135H21100866 तृप्ति चौहान (कर्जदार) हरीश पाटीदार (सह-कर्जदार)	नोटिस की तारीखः 09-03-2026 कुल बकायाः रुपये 10,74,520-(रुपये दस लाख चौहत्तर हजार पाँच सौ बीस सिर्फ) 09-03-2026 तक देय वसूली तक 12.85% सालाना ब्याज के साथ।	भौतिक	प्रॉपर्टी का वह पूरा हिस्सा जो प्लॉट नंबर 67A है, सर्वे नंबर 35/8/2 पेकी (पुराना पी.एच नं. 80) न्यू 37, ग्राम कालीबिल्लोद (कालबिल्लोद सड़क से अंदर) फिजिकल तहसील देपालपुर जिला इंदौर (म.प्र) एरिया 437.5 वर्ग फुट (40.61 वर्ग मी.) पर है, साथ में सभी चल और मिलने वाली चीजें, उन पर मौजूद सभी बिल्डिंग और स्ट्रक्चर और बिल्डिंग और स्ट्रक्चर जो वहां किसी भी समय बनाए जा सकते हैं, संबंधित मॉर्गेज की तारीख से/उसके बाद और उसमें किए गए सभी एडिशन और सभी फिक्स्चर और फर्नीचर जो जमीन से जुड़े हैं या जमीन से जुड़ी किसी भी चीज से परमानेंट रूप से जुड़े हैं, वर्तमान और भविष्य दोनों और नीचे दिए गए तरीके से घिरे हुए हैं: पूरब सड़क, पश्चिम प्लॉट नंबर 54, उत्तर प्लॉट नंबर 67/B, दक्षिण प्लॉट नंबर 66. माप: उत्तर की तरफ पूरब से पश्चिम 35 वर्ग फुट दक्षिण की तरफ पूरब से पश्चिम 35 वर्ग फुट उत्तर से दक्षिण पूरब की तरफ 12.5 वर्ग फुट उत्तर से दक्षिण पश्चिम की तरफ 12.5 वर्ग फुट कुल प्लॉट एरिया 437.5 वर्ग फुट या 40.61 वर्ग मी.	रू. 10,33,594/- (रुपये दस लाख तैंतीस हजार पांच सौ चौरानबे मात्र)	रू. 1,03,359.40/- (रुपये एक लाख तीन हजार तीन सौ उनसठ और चालीस पैसे मात्र)	22-10-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	16-10-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	23-10-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक
2	लोन नंबर HL00629100000005064294 हितेश पाठक (कर्जदार) भावना पाठक (सह-कर्जदार)	नोटिस की तारीखः 11-12-2025 , कुल बकायाः रुपये 12,09,273/- (रुपये बारह लाख नौ हजार दो सौ तिहत्तर मात्र) 11-12-2025 तक तक देय वसूली तक 12.5% सालाना ब्याज के साथ।	भौतिक	रेसिडेंशियल प्लॉट नंबर Q-11 का वह पूरा टुकड़ा, एरिया 500 वर्ग फुट सर्वे नंबर 784/2, सुपर सिटी कॉलोनी, गांव महूगांव, तहसील महू जिला इंदौर (म.प्र.) पर है। सीमायें-पूर्व-प्लॉट नंबर R-11, पश्चिम - कॉलोनी रोड, उत्तर - प्लॉट नंबर Q-10, दक्षिण-प्लॉट नंबर Q-12 एरिया 10 फीट X50 टोटल एरिया 500 वर्ग फुट	रू. 12,55,625/- (रुपये बारह लाख पचपन हजार छह सौ पच्चीस मात्र)	रू. 1,25,562.50/- (रुपये एक लाख पच्चीस हजार पांच सौ बांसठ और पचास मात्र)	22-10-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	16-10-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	23-10-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय-पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता- प्लॉट संख्या-68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर-7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी-Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति-विनोद चौहान, ईमेल आईडी-delhi@c1india.com संपर्क नंबर-9813887931** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस "गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड-नीलामी आय खाता," बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44, विमन नगर-411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **22-10-2026 को या इससे पहले** जमा करें और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई-मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगी: **उपरोक्त दर्शाये शाखा पर, मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए https://www.bankeauctions.com और www.grihumhousing.com पर जाएँ।**

इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15 (पंद्रह) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।
किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।
स्थानः मध्य प्रदेश दिनांकः 20.09.2026
हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड